भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1859
गुरूवार, 16 मार्च, 2023/25 फाल्गुन, 1944 (शक)

राष्ट्रीय करियर सेवा योजना के तहत महिलाओं को लाभ

1859. श्री देरेक ओब्राईनः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 सहित गत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा के संबंध में बजट आवंटन और उपयोगिता का ब्यौरा क्या है; और
(ख) योजना के आरंभ से अब तक इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं की संख्या और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) : चालू वित्त वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा योजना के लिए बजट आवंटन और उपयोग निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	अंतिम अनुमान	व्यय
2019-20	50.00	50.00	66.00	63.93
2020-21	79.39	49.63	43.88	43.80
2021-22	57.00	32.00	31.73	24.30
2022-23 (दिनांक 07.03.23 तक)	52.00	42.00	-	40.72

(ख): योजना की शुरुआत से (दिनांक 28.02.2023 तक) लगभग 1.08 करोड़ नौकरी चाहने वाली महिलाओं ने नौकरी की खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, इंटर्नशिप जैसी विभिन्न रोजगार संबंधी सेवाओं के लिए एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण किया है।

******